आकाशवाणी शिमला

06.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1800बजे /

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश आकर्षित करने और उद्यमियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कल शिमला में उनसे मिलने आए बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमण्डल को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। विशेष तौर पर बद्दी क्षेत्र में रेलवे सम्पर्क सुविधा के साथ ही सड़कों के उन्नयन पर बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रेलवे लाईन के शीघ्र निर्माण से संबंधित मामला केन्द्र सरकार के समक्ष भी उठाया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नालागढ़–भरतगढ़ सड़क को फोरलेन में स्तरोन्नत किया जा रहा है जिससे उद्योगों सहित अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बड़े औद्योगिक घराने हिमाचल प्रदेश में निवेश के इच्छुक हैं और राज्य सरकार उन्हें लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनधिमण्डल की उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से कल देर शाम यूनाइटेड पार्सल सर्विस कम्पनी की वाइस प्रेजिडेंट क्रिस्टिना स्ट्रूलर द कोस्टा और निदेशक दिनकर सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। विश्व की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक कम्पनी यूनाइटेड पार्सल सर्विस ने हिमाचल प्रदेश के राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। दुबई स्थित कम्पनी ने राज्य सरकार को प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में दवाएं और टीके पहुंचाने के लिए ड्रोन तकनीक प्रदान करने की पेशकश की है। इसके अतिरिक्त कंपनी ने सरकार को आवश्यक दवाओं और टीकों की निःशुल्क आपूर्ति का भी आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा वितरण के दृष्टिगत कम्पनी के इस प्रस्ताव पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग इसके लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करेगा और राज्य सरकार उसी के अनुरूप सेवाओं के सम्बन्ध में उचित निर्णय लेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बरसात के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से जान–माल की व्यापक क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राहत और पुनर्वास के लिए 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज आवंटित किया है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लाहौल स्पिति जिले के दौरे के दूसरे दिन आज केलंग में 22 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनने वाली प्रदेश की पहली एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उप–मुख्यमंत्री ने दो करोड़ 24 लाख रूपए से बनने वाली मंछु पेयजल योजना की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना के सफल होने पर इस मॉडल को घाटी के अन्य क्षेत्रों में भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों की तर्ज पर जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में समुद्र तल से 10 हजार 4 सौ मीटर उंचाई पर स्थित केलंग में एंटी फ्रीज तकनीक से लोगों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अटल टनल बनने के बाद घाटी में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिला है और एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना होटल व्यवसायियों के लिए भी मददगार साबित होगी। इस अवसर पर विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि योजना के तहत जमीन से करीब 4 फुट नीचे पाईप लाईन बिछाई जाएगी जिससे पाईपो में पानी नहीं जमेगा।

भर्ती रैली

अग्निपथ योजना के तहत मण्डी के पड्डल मैदान में 20 से 26 दिसम्बर तक अग्निवीरों की भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। भर्ती रैली में मंडी, कुल्लू व लाहौल स्पिति जिले के लिखित परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार भाग लेंगे। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल डी.एस. सामंत ने दी है। उन्होंने उम्मीदवारों से भर्ती रैली में सभी अपेक्षित दस्तावेज अपने साथ लाने को कहा है।

क्रिकेट मैच

आईसीसी वर्ल्ड कप के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल 7 अक्टूबर को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला होगा। मैच से पहले आज दोनों टीमों ने एचपीसीए स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच चंडिका हतरूसिंघा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि वे इस बार अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि टीम का पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचने का है।